मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-438
03/09/2021

# मुख्यमंत्री ने निर्माणाधीन 'प्रकाश पुंज' का लिया जायजा, अधिकारियों को दिये आवश्यक दिशा–निर्देश

पटना, 03 सितम्बर 2021 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज पटना साहिब के गुरु के बाग में बन रहे 'प्रकाश पुंज' का जायजा लिया। उन्होंने बहुद्देशीय प्रकाश केंद्र एवं उद्यान परियोजना का निरीक्षण किया और अधिकारियों से निर्माण कार्य से संबंधित जानकारी ली और अधिकारियों को निर्माण कार्य जल्द पूरा करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के क्रम में मुख्यमंत्री कहा कि प्रकाश पुंज परिसर के चारो तरफ चयनित वृक्षों का रोपण कराया जाए। इसके मुख्य द्वार के सामने के तालाब के चारो तरफ पेवर ब्लॉक से रास्ते का निर्माण कराया जाए, जिससे टहलने में सहुलियत हो। इसके अलावा तालाब के बाद रेलवे लाइन है, सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए तालाब के बाहर चहारदीवारी का भी निर्माण कराया जाए। प्रकाश पुंज परिसर के बाहरी क्षेत्र में भी सड़क का निर्माण कराया जाए ताकि पर्यटकों और स्थानीय लोगों को सुविधा हो। मुख्यमंत्री ने 'प्रकाश पुंज' के बगल में बनाए जा रहे पर्यटकों के ठहरने के लिए 'प्रकाश भवन' का भी निरीक्षण किया।

निरीक्षण के पश्चात मुख्यमंत्री के समक्ष 'प्रकाश पुंज' पर प्रस्तुतीकरण भी दिया गया, जिसमें साइड प्लानिंग और जोनिंग प्लान, एक्जिविट एंड कॉन्टेंट प्लानिंग, ओरियेंटेशन पैनल आदि के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। प्रस्तुतीकरण के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2017 में गुरु गोविंद सिंह जी महाराज के 350वीं जयंती के अवसर पर आयोजित प्रकाश पर्व को लेकर बिहार की प्रशंसा पूरे देश में हुई थी। यहां जो भी प्रदर्शनी की योजना बनायी गई है उसके एक हिस्से में प्रथम से लेकर 10वें गुरु तक से संबंधित जानकारी दें। दूसरे हिस्से में प्रथम गुरु गुरुनानक साहब, 9वें गुरु तेगबहादुर साहब और 10वें गुरु गोविंद सिंह जी महाराज के संबंध में जानकारी दें। इन तीनों गुरुओं का बिहार से विशेष संबंध रहा है। इनसे जुड़े स्थलों को भी दर्शाया जाए। तीसरे हिस्से में वर्ष 2017 में 350वें प्रकाश पर्व के आयोजन से जुड़ी बातें एवं बिहार में गुरु से जुड़े कार्यों तथा स्थलों एवं सिख श्रद्धालुओं के लिए कार्यों को भी दर्शाएं।

निर्माणाधीन प्रकाश पुंज भवन के निरीक्षण के पश्चात् पत्रकारों से बातचीत में मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2017 में जिस तरह से गुरु गोविंद सिंह जी महाराज की 350वीं जयंती के अवसर पर बहुत ही अच्छे ढंग से प्रकाश पर्व का आयोजन किया गया था। उसी समय यह तय हो गया था कि हमलोग इस जगह पर भवन का निर्माण करेंगे। भवन तो बन गया लेकिन इसमें जितनी मूर्तियां लगनी हैं और जिन चीजों को रखवाना है, अभी तक वह काम पूरा नहीं हुआ है। आज हमने यहां आकर इसकी वर्तमान स्थिति का जायजा लिया है। हमलोगों ने जो शुरू में तय किया था, इसे लेकर अधिकारियों को आज पुनः दिशा निर्देश दिया गया है। हमारा लक्ष्य है कि इस साल के अंत तक यह काम पूरा हो जाय। यह बहुत ही सुंदर होगा।

निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री के परामर्शी श्री अंजनी कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री चंचल कुमार, पटना के प्रमंडलीय आयुक्त श्री संजय कुमार अग्रवाल, पर्यटन विभाग के सचिव श्री संतोष कुमार मल्ल, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, भवन निर्माण विभाग के सचिव श्री कुमार रवि, जिलाधिकारी श्री

चंद्रशेखर सिंह, वरीय पुलिस अधीक्षक श्री उपेंद्र शर्मा सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

******